



# बारिश बनी आफत, आष्टा में घर डूबे ,खेत बने तालाब

## पार्वती, पपनास और नेवज नदियां उफान पर, घरों में घुसा पानी, सोयाबीन फसल पर संकट, प्रशासन ने जारी किया हाई अलर्ट

▶ जिले में मानसून सबसे अधिक आष्टा पर मेहरबान

▶ पुल- पुलियाओं पर तेज बहाव के चलते गांवों का संपर्क टूटा

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ आष्टा 4 जुलाई. आष्टा ब्लॉक में शुक्रवार रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है. पार्वती, पपनास और नेवज नदियों के उफान पर आने से कई गांव जलमग्न हो गए हैं. घरों में पानी घुसने, खेतों के तालाब में तब्दील होने और पुल-पुलियों पर तेज बहाव के कारण दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है. स्थानीय प्रशासन ने लोगों से जलभराव वाले मार्गों से दूर रहने और केवल सुरक्षित रास्तों का उपयोग करने की अपील की है.**

आष्टा ब्लॉक में लगातार हो रही तेज बारिश ने ग्रामीण इलाकों की रफ्तार थाम दी है. पार्वती, पपनास और नेवज नदियों के उफान पर होने से खाचरोद, मेहतवाड़ा, मैना, कोठरी, भंवरा, बागैर, सिंगारचोरी, हराजखेड़ी, ढकनी और मुगली सहित कई गांवों में जलभराव की स्थिति बन गई. कई घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान, अनाज और जरूरी सामग्री खराब हो गई, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा. लगातार बारिश का असर खेती पर भी दिखाई देने लगा है. बड़घाटी रामापुरा सहित कई क्षेत्रों के खेत पानी में डूब गए हैं। खेत तालाब जैसे नजर आ रहे हैं. सोयाबीन की फसल जलमग्न हो गई है. किसानों को आशंका है कि यदि जल्द पानी की निकासी नहीं हुई तो फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है.



बारिश के चलते आष्टा तहसील के कई गांवों में बाढ़ के हालात निर्मित हो गए, जिससे कई गांवों का सड़क संपर्क टूट गया.

बारिश के ताजा आंकड़ों के अनुसार आष्टा में सर्वाधिक 2.05 इंच वर्षा दर्ज की गई है. जावर में 1.89 इंच, इछावर में 1.77 इंच, जबकि जिले में औसतन 1.50 इंच बारिश रिकॉर्ड हुई है. एक जून से अब तक जिले में औसत वर्षा 10.63 इंच पहुंच चुकी है. कुल वर्षा के मामले में आष्टा तहसील 15.47 इंच के साथ जिले में सबसे आगे है. इसके बाद भैरूंदा में 14.01 इंच, इछावर 12.40 इंच, जावर 11.68 इंच, सीहोर 9.01 इंच, रेहटी 8.55 इंच, बुधनी 8.38 इंच और श्यामपुर 5.54 इंच वर्षा दर्ज की गई है.

### सुरक्षित और वैकल्पिक मार्ग उपयोग करें

कलेक्टर बालागुरु के. ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में जलभराव वाले पुल, पुलिया या तेज बहाव वाले रास्तों को पार करने का प्रयास न करें. संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल और कोटवारों की तैनाती की गई है. ढाकनी- मुगली मार्ग पर पपनास नदी स्थित पुल पर पानी का बहाव बना हुआ है. जिला प्रशासन द्वारा दोनों ओर कोटवार एवं पुलिस दल की तैनाती की गई है, ताकि आवागमन पर सतत निगरानी रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके. प्रशासन ने चेतावनी दी है कि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है. नागरिक केवल सुरक्षित एवं वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें.

### बापचा के दो मासूमों की खदान में डूबने से मौत

आष्टा क्षेत्र के बापचा क्षेत्र से शनिवार को एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई. ग्राम बागेर स्थित मुरम की खदान में नहाने गए दो 12 वर्षीय बच्चों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई. हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।. जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान कान्हा पिता संतोष 12 वर्ष तथा समर पिता जितेंद्र12 वर्ष निवासी बापचा दोनिया के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे अन्य साथियों के साथ खदान में नहाने गए थे. इसी दौरान वे गहराई में चले गए और पानी से बाहर नहीं निकल सके. सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को बाहर निकालकर तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया.

### कई सड़क मार्ग बंद, दर्जन भर गांवों का संपर्क टूटा

बारिश के चलते ढाकनी-मुगली मार्ग पर पपनास नदी के पुल पर तेज बहाव बना हुआ है. इसके अलावा सेमनरी रोड-जगन्नाथपुरा पुलिया, कन्नौद-मिर्जी तथा दुपाड़िया मार्ग भी जलमग्न हो गए हैं. पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने के कारण करीब एक दर्जन गांवों का सड़क संपर्क टूट गया है और आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है. ग्राम बापचा और भंवरा से सामने आए वीडियो में बारिश का विकराल रूप साफ दिखाई दे रहा है. सड़कें पानी में डूबी हैं, पुलियों के ऊपर से तेज बहाव गुजर रहा है और कई स्थानों पर ग्रामीणों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है. प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है.

### मुगली में खुली जल निकासी व्यवस्था की पोल

मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मुगली में महज दो घंटे की बारिश ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी. कई घरों में घुटनों तक पानी भर गया। ग्रामीण अकेसिंह ने बताया खाट, अनाज की कोठियां, कपड़े और रसोई का सामान पानी में डूब गया. जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी तेजी से घरों में भर गया और लोगों को रातभर सामान बचाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी.

## मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान आज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 जुलाई.** सामाजिक संस्था अग्रसोच सोशल फाउंडेशन द्वारा रविवार को चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के 300 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं का भव्य भविष्य ज्योति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम का आयोजन वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है.

संस्था के संस्थापक आशीष गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी को शिक्षा के साथ संस्कार, नैतिकता, सामाजिक दायित्व और भारतीय संस्कृति के मूल्यों से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है. समारोह में 300 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, अनुशासन, परिश्रम के लिए सम्मानित किया जाएगा. समारोह में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा विद्यार्थियों को प्रेरित करेंगे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय होंगे. विशिष्ट अतिथियों में अखिलेश राय श्रीमती अरुणा राय, प्रदीप चौहान, सुशील अग्रवाल, एआर शेख मुंशी सहित अनेक शिक्षाविद, समाजसेवी उपस्थित रहेंगे.

# पुलिस ने बाइक सहित दो गांजा तस्करों को दबोचा

▶ मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की थी घेराबंदी

▶ आरोपियों के पास से दो किलो से अधिक गांजा जब्त

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 4 जुलाई.** गोपालपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा एवं घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त की है.

एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन तथा एएसपी सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में गोपालपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी शब्दर पिता हुसैन शाह निवासी गोपालपुर तथा सद्दाम पिता बल्ला शाह निवासी अतवास, थाना सतवास जिला देवास को गिरफ्तार किया है. तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया. जिसकी अनुमानित कीमत करीब 22 हजार रुपए बताई गई है. इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी जप्त की गई. जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपए आंकी गई. दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. कार्रवाई में थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह गौड़, उपनिरीक्षक लवेश कुमार, विजय यादव, रामशंकर पर्ते, राधेश्याम चौहान, महेश विश्वकर्मा, राजीव, राजेश मीणा, आमीन शाह एवं महिला आरक्षक शोभा मेवाड़ा की भूमिका रही.




# सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन पर हुआ मंथन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 जुलाई.** जन-जागरण सहकारी सप्ताह के अंतर्गत जिला सहकारी संघ द्वारा ग्राम निपानियाकलां एवं जिला सहकारी संघ कार्यालय में सहकारिता के माध्यम से नवाचार और रोजगार सृजन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किए गए.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी तेजसिंह ठाकुर ने कहा कि सहकारिता आंदोलन का उद्देश्य युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना, नई सहकारी संस्थाओं का गठन करना तथा सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को साकार करना है. उन्होंने किसानों एवं पशुपालकों से सहकारी संस्थाओं की सदस्यता लेकर स्वरोजगार और ग्रामीण विकास में भागीदारी निभाने का आह्वान किया. अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस एवं रोजगार सृजन में सहकारिता की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि अंकेक्षण अधिकारी सुनील सक्सेना ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से नवाचार आधारित संस्थाओं का गठन कर लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है. कार्यक्रम में तेजसिंह ठाकुर प्रहलाद सिंह वर्मा, हरिप्रसाद वर्मा, प्रेमनारायण वर्मा, अनोखीलाल वर्मा, बोन्दरसिंह वर्मा, महेश चन्द्र चन्द्रवंशी, सुरेश गौर, रामनारायण चौधरी, देवेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित थे.



## मेंटनेंस के चलते 8 तक बंद रहेगा रोपवे

नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 4 जुलाई.** प्रसिद्ध देवीधाम सलकनपुर में संचालित रोपवे सेवा 8 जुलाई तक आवश्यक तकनीकी मेंटनेंस कार्य के कारण पूर्णतः बंद रहेगी.

मां विजयासन रोपवे के प्रबंधक राजू श्रीवास्तव ने बताया कि रोपवे प्रणाली की सुरक्षा, तकनीकी गुणवत्ता एवं निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्धारित अवधि में व्यापक मेंटनेंस कार्य किया जाएगा. इस दौरान रोपवे सेवा का संचालन पूरी तरह स्थगित रहेगा. रोपवे प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि 8 जुलाई के बीच देवी दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु इस अस्थायी व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं. आवश्यक मेंटनेंस पूर्ण होने के बाद रोपवे सेवा पुनः नियमित रूप से प्रारंभ कर दी जाएगी.



## आज बरखेड़ी फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**सीहोर.** जिले के 33 केवी बरखेड़ी फीडर की विद्युत आपूर्ति 05 जुलाई को प्रात: 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी. यह शटडाउन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से इंदौर-भोपाल बायपास तक विद्युत लाइन शिफ्टिंग कार्य के लिए आवश्यक परमिट के कारण लिया जा रहा है. इस दौरान विद्युत प्रवाह पांच घंटे तक बंद रहेगा.

# लोकेन्द्र वर्मा बने रहेंगे पार्षद, हाईकोर्ट ने दिया स्थगन आदेश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 जुलाई.** हाईकोर्ट ने अनुसूचित जाति बहुल वार्ड के पार्षद लोकेंद्र वर्मा के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है. स्थगन आदेश से यह साबित हो गया है कि अब लोकेन्द्र वर्मा वार्ड 11 के पार्षद बने रहेंगे.

कांग्रेस नेता नरेंद्र खंगराले द्वारा लोकेंद्र वर्मा को जाति के आधार पर पार्षद पद से हटाने के लिए हाईकोर्ट जबलपुर में याचिका दायर की गई थी और वर्मा के अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने की मांग की गई थी. गठित समिति ने वर्मा के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने के लिए आदेश पारित किया था जिस पर पार्षद लोकेंद्र वर्मा ने जबलपुर स्थित मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में स्थगन याचिका दायर की थी. जिसके बाद हाईकोर्ट ने वर्मा के अधिवक्ता धीरज कुमार तिवारी के द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के आधार पर पार्षद लोकेंद्र वर्मा के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है.

पार्षद लोकेंद्र वर्मा ने कहा कि चुनावों में 6 प्रत्याशी और थे लेकिन किसी ने भी और नागरिकों जाति को लेकर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है. सभी प्रत्याशी और नागरिक वार्ड में हो रहे विकास कार्यो और नागरिकों को मिल रहे शासकीय योजनाओं के लाभ से प्रसन्न है. वर्मा ने वार्ड में प्रत्याशी रहे नरेंद्र खंगराले पर वार्ड में जारी विकास कार्यों से चिढ़कर झूठे आरोप लगाकर छवि को धूमिल करने का आरोप लगाया है.



स्थापना ▶ रोटरी क्लब की सराहनीय पहल, मेडिकल इक्विपमेंट बैंक की स्थापना, नि :शुल्क दे रहे उपकरण

# मेडिकल इक्विपमेंट बैंक से जरुरतमंद मरीजों को मिलेगी सहायता

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 जुलाई.** जरुरतमंद लोगों की मदद करने इक्विपमेंट बैंक की स्थापना की जा रही है. यहां पर ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, मेडिकल बेड, व्हील चेयर सहित 14 तरह के मेडिकल इक्विपमेंट पूर्ण रूप से निशुल्क दिए जा रहे हैं.

इसकी शुरूआत रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय सहित अन्य ने की है. क्लब के द्वारा लोगों की मदद इस मेडिकल बैंक के माध्यम से की जा रही है, लेकिन इसको भव्य रूप से जनहित में रोटरी क्लब मेडिकल इक्विपमेंट बैंक की स्थापना का लाभ भी जरुरतमंदों को मिल रहा है. रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय की पहल से अब तक नौ से अधिक जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल चुका है, मेडिकल इक्विपमेंट में जिनके पास ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, मेडिकल बेड, व्हील चेयर आदि उपयोग में नहीं आ रही है, उनको वह जरूरतमंदों को प्रदान कर सकते हैं. उन्होंने बताया कि मानव सेवा के पावन उद्देश्य को साकार करने के लिए रोटरी क्लब द्वारा नगर में एक मेडिकल इक्विपमेंट बैंक की स्थापना की जा रही है. इस पहल का उद्देश्य ऐसे जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिवारों को सहायता प्रदान करना है, जिन्हें अस्थायी रूप से चिकित्सा उपकरणों की आवश्यकता होती है, किंतु आर्थिक अथवा अन्य कारणों से उन्हें प्राप्त करने में कठिनाई होती है. रोटरी क्लब ने नगरवासियों से अनुरोध किया है कि जिनके पास ऐसे चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं और वर्तमान में उनका उपयोग नहीं हो रहा है, वे उन्हें बैंक में दान स्वरूप जमा कराएं. उनका यह योगदान किसी पीड़ित परिवार के लिए राहत का माध्यम बनेगा.



## मंत्री की स्मृति में आज होगा पौधरोपण

**सीहोर.** रविवार को हैदराबाद व भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन के अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सैनानी, पूर्व विधायक, शिक्षाविद,जिले की पत्रकारिता के पितृ पुरूष स्व. हरिकृष्णसिंह मंत्री की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा से याद किया जाएगा. जिला कांग्रेस कार्यालय में भी श्रद्धांजलि दी जाएगी. पावर हाउस चौराहा पूर्णिमा औषधालय पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी. सोमवार को नई चंदेरी प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री तथा पौष्टिक आहार वितरित कर पौधरोपण किया जाएगा.

## एक नजर में



### मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता से बदलेगी किशोरों की सोच

**सीहोर.** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में किशोर-किशोरियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. किशोर परामर्शदाता ममतेश राठौर ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, भावनात्मक संतुलन एवं समय पर काउंसलिंग के महत्व की जानकारी दी तथा टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 के माध्यम से उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से भी अवगत कराया. कार्यक्रम में प्राचार्य सुनीता जैन, उमंग हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर डॉ. देवेंद्र साहू, कुमेर मालवीय मौजूद थे.




### आर्य समाज का घर घर यज्ञ-हर घर यज्ञ अभियान जारी

**सीहोर.** आर्य समाज एवं जिला आर्यवीर दल व आर्य प्रतिनिधि सभा के संयुक्त तत्वावधान में जिले में 251 परिवारों में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. घर घर यज्ञ-घर-घर यज्ञ अभियान का जिला स्तरीय समारोह वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ, वेदमंत्रों के उच्चारण एवं ओम ध्वजा फहराकर किया गया. कार्यक्रम में संतोष सिंह आर्य, पुष्प लता राठौड़, पं. हरिओम सरल, दिलीप आर्य, विजय राठौर, विजय कुलश्रेष्ठ, हेमंत कुशवाह, विनीत शर्मा, अंकित राठौर, वीरभान सिंह भारती, घनश्याम प्रजापति, हेमराज प्रजापति, हर्ष राठौर, रेखा कुशवाह, सीमा भदौरिया, श्याम विश्वकर्मा, सूरज भारती, सुमन आर्य सुदर्शन राठौर, अमित राठौर, मनीष राठौर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे.



### जेलर की पुण्यतिथि पर युवाओं ने किया रक्तदान

**सीहोर.** कांग्रेस मंडल अध्यक्ष प्रवेश परिहार के नेतृत्व में स्वर्गीय नाथूराम जेलर की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया. जिसमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम यादव ,पार्षद विवेक राठौर उपस्थित थे. इस अवसर पर रक्तदान करने वालों में मोनू मंगरोलिया, लखन जाटव, अंकित मंगरोलिया, नमन कचनेरिया, ललित कचनारिया, राजा मंगरोलिया, विक्की जाटव, राहुल जाटव, रोहित जाटव, यादव ऋतिक पुरवइया, मोनू परिहार, हरिसिंह, दीपक बड़ोदिया, नीलम परिहार, मुस्कान कचनेरिया, नमन कचनेरिया, सोनू जाटव, ललित कचनेरिया, विनोद, अनिकेत, सोनू भंडारी, अनिल परमार, सोनू वर्मा, रवि जाटव, आकाश यादव, नीरज जवालिया, पवन, जितेन्द्र मंगरोलिया, अनिकेत मंगरोलिया सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल थे.



### लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नाक काटी,रावण ने किया सीता हरण

**सीहोर.** श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में रामायण रामलीला मंडल के तत्वाधान में प्रयाग राज के कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है. मंचन में भगवान श्रीराम के वनवास के उपरांत वन में विचरण करते हुए शूर्पणखा ने भगवान को देखकर मोहित हो गई. उसके उपरांत लंकापति रावण ने माता सीता का हरण किया, इसका मंचन किया गया. सीता हरण दृश्य का मंचन हुआ. कलाकारों के साथ संत माधवदास महाराज, महंत बृजेश शर्मा, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट और आयुष गुप्ता आदि ने आरती उतारी. सजीव रामलीला का मंचन देखने के लिए कोलीपुरा, बड़ियाखेड़ी व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं.




### परिषद के स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण

**सीहोर.** जन अभियान परिषद द्वारा स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में स्वैच्छिकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने समाज एवं राष्ट्रहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प लेते हुए स्वैच्छिकता की शपथ ली. इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने स्वैच्छिकता के महत्व बताते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास में स्वयंसेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. उन्होंने जनभागीदारी, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भाव को बढ़ावा देने के लिए सभी से सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया. इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण का संदेश दिया गया.